संक्षिप्त

तबादला आदेश पर अधिकरण ने लगाई रोक

शाहपुरा । आयुर्वेद विभाग (सीकर) उप निदेशक के पद पर कार्यरत डॉ राजेश कुमार जोशी के तबादला आदेश पर राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण(रेट) ने रोक लगा दी है साथ ही आयुर्वेद विभाग के प्रमुख शासन सचिव, उप शासन सचिव सहित दो अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आयुर्वेद विभाग के उप शासन सचिव ने 15 जुलाई को आदेश जारी कर प्रार्थी का तबादला राजकीय आयुर्वेद औषधालय नृसिंहपुरी में किया गया है और प्रार्थी के स्थान पर अन्य कार्मिक को उप निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अधिवक्ता कलवानिया ने बताया कि विभाग ने प्रार्थी का बिना प्रशासनिक आवश्यकता के तबादला किया गया है। जो अनुचित एवं विधि विरुद्ध है लिहाजा तबादला आदेश पर रोक लगाई जाए। इस पर अधिकरण की बेंच ने प्रार्थी के तबादला आदेश पर रोक लगाकर राहत दी है तथा प्रार्थी को वर्तमान पदस्थापित स्थान पर ही कार्यरत रखने के आदेश दिए है।

भजन संध्या का आयोजन

अलवर । राजसमंद में एक शाम ठाकुर जी के नाम जल झूलनी एकादशी पर ओड समाज की भव्य भजन संध्या व सम्मेलन का आयोजन किया गयाकार्यक्रम में राष्ट्रीय ओड महासभा के प्रदेशाध्यक्ष निर्मल सुरा ओड महामंत्री आनंद मालक अशोक मोयल जितेंद्र ओड जसमानगर बाबुलाल उदयपुर सांपा सरपंच धर्माराम ओड ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्जूनराम ओड राजमथाई पाबुराम भागचंद ओड सहित समाज के कई लोग उपस्थित हुए । कार्यक्रम में आयें सभी लोगों का चारभुजा नाथ मंदिर ट्रस्ट राजसमंद व मांगीलालज ओड मोहनलाल उंकारराम धर्मराज कमलेश कानड़ अंबालाल कालूराम तेजाराम लक्ष्मण अबांलाल दुर्गालाल भेरूलाल भगवती लाल समस्त राजसमंद ओड समाज द्वारा सभी अतिथियों का पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया ।

एकादशी पर निकाली डोल यात्रा

निवाई। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जलझूलनी एकादशी का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की डोल यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। डोल एकादशी महापर्व को लेकर दोपहर 4 बजे भगवान चारभुजानाथ मंदिर, नृसिंह मंदिर, सुनारों का मंदिर, दर्जियों का मंदिर, भगवान सत्यनारायण मंदिर, भट्ट जी का मंदिर, श्री राम लक्ष्मण मंदिर व लक्ष्मीनाथ मंदिर सहित शहर के कई मंदिरों से बैंड बाजे के साथ भगवान के विमान भव्य शोभा यात्रा के साथ रवाना हुए। डोल यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान की विमानों के नीचे से निकलकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया और फल व मुद्रा चढ़ाई। शोभायात्रा का जगह-जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके एवं आरती करके स्वागत किया गया। डोल यात्रा में महिलाएं भजन गाती हुई चल रही थी।

श्रीमद् भागवत कथा 9 सितंबर से

नारायणपुर। कस्बा स्थित शम्भू आश्रम में 9 सितंबर से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा से पूर्व सुबह 8.15 बजे पुरुषोत्तमदास आश्रम से कथा स्थल शम्भू आश्रम तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु महिलाएं एवं भक्तजन शामिल होंगे। भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक गोवर्धन धाम मथुरा से पधारे परम पूज्य पंडित गोविन्दाचार्य वशिष्ठ द्वारा सुनाई जाएगी। कथा का समापन 15 सितंबर को हवन एवं पूर्णाहुति के साथ होगा।

उत्तम तप धर्म की पूजा अर्चना की

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में दसलक्षण पर्व के अन्तर्गत दशलक्षण धर्म के चलते सभी जैन मंदिरों में उत्तम तप धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई।रिंकी मोटूका ने दशलक्षण धर्म पर उत्तम तप धर्म की पूजा अर्चना की।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आक्रोशित भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणी व गाली को लेकर आक्रोशित भाजपाइयों ने कलेक्ट्रेट के सामने की नारेबाजी
- कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका और राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, लालू यादव के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया

खैरथल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को लेकर कि गई अमर्यादित भाषा के प्रयोग व अभद्र टिप्पणी, गाली देने को लेकर आक्रोशित भाजपाइयों ने जिला कलेक्ट्रेट के सामने राष्ट्रीय परिषद सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत यादव, जिला अध्यक्ष महा सिंह चौधरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चित्रा शर्मा, खैरथल मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, किशनगढ़ बास अध्यक्ष मनोज मित्तल, के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका और राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, लालू यादव के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया ।

जिला कलेक्ट्रेट के सामने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकने पहुंचे राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कहा राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां को लेकर कि गई अमर्यादित भाषा का प्रयोग एवं अभद्र टिप्पणी व गाली के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

खैरथल में कलेक्ट्रेट के सामने पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन करते भाजपाई।

भाजपा के विरोध प्रदर्शन के दौरान उम्मेदसिंह भाया, अशोक डाटा, सुषास जांगिड़, संजय जाटव, बलबीर सिंह, वरुण डाटा, प्रकाश यादव, तरुण दुलानी, रामबाबू जाटव, रामसिंह शर्मा, ध्रुव उपाध्याय, बलविंदर सिंह राजकुमार जाटव सुरेश जाटव पार्षद विक्रम यादव मोहनलाल पोपटानी मयंक सेठी किशनलाल जाटव सुरेश गुर्जर, बलवीर सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा, महामंत्री जगदीश यादव, उपाध्यक्ष संतोष गोयल, बलराम गुर्जर, जसवंत यादव, तेजसिंह सैनी, रहमत खां मेवाती, पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष विश्वास यादव, पूर्व सरपंच कृष्ण यादव, कैलाश गौड़, अनिल शर्मा, राजकुमार चावड़ा, कालू यादव, रमेश जंगिड़, संदीप वलेचा, संजय लाम्बा, सतपाल चौधरी, प्रकाश प्रजापत, दलिप सिंह, झिरण्डीया सरपंच अशोक, बस्ती राम यादव, निहाल सिंह, बाबूलाल, लालचंद यादव, भवानी सिंह, रिंकेश गुप्ता, सौदान सैनी, मोहित बसवाल, अजय योगी, सुगन गुर्जर, परिक्षत यादव, श्यामलाल, कृष्ण कुमार, देवेन्द्र यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

होद की पाल मोहल्ले में 3 माह से गंदे पानी का डेरा, ग्रामीण बेहाल

मनोहरपुर । कस्बे के पंचमुखी मंदिर स्थित होद की पाल मोहल्ले में पिछले तीन माह से जमा गंदे पानी ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है।जानकारी अनुसार इस मार्ग पर कई लोगों ने नालियों को बंद कर रखा है तो कई नाली अटी पड़ी है और क्षितग्रस्त हो चुकी है। इस रास्ते पर भरे इस गंदे पानी से गुजरना ग्रामीणों की मजबूरी बन गया है। मकान के पानी जमा होने के कारण लोगों में आपस में झगड़ा हो चुका है।

कई लोगों ने नालियों से पानी निकासी करने पर अड़े हुए है।

इस दौरान नाराज शमीम बानो, बरकत हलीमा, सायरा हनीशा, किस्मत बेगम, बानो शबनम, छीतर शाह, सवाब शाहिद, मुमताज शाह, लतीफ शाह, शाहरुख लियाकत सहित कई लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। उनका कहना है कि शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।वही ग्रामीणों का आरोप है कि वे कई बार नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत और अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव को लिखित शिकायत दे चुके हैं, मगर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिला। वही पूजा-पाठ हो या शव यात्रा, हर जगह मुश्किल,स्थानीय निवासी शमीम बानो ने बताया कि इस रास्ते से हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर, स्कूल और अक्सा मस्जिद तक लोग आते-जाते हैं। पूजा हो या नमाज, लोगों को गंदे पानी से होकर ही गुजरना पड़ता है। यहां तक कि शव यात्रा तक निकालना मुश्किल हो जाता है। बच्चे कई बार पानी में फिसलकर घायल हो चुके हैं।

हाल ही में गणेश चतुर्थी पर कार्यक्रम भी इसी गंदे पानी के बीच आयोजित हुआ। पालिका ने केवल मंदिर तक मिट्टी डलवाई, जिससे बाकी मोहल्ले में पानी की समस्या और गंभीर हो गई।

8 से 12 सितंबर तक लगेगा प्री शिविर

किशनगढ़ बास। नगर पालिका की ओर से 15 से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान शुरू किया जाएगा है। इसके तहत 8 से 12 सितंबर तक नगर पालिका सभागार में प्री शविरों का आयोजन रखा गया है। अभियान का मूल उद्देश्य है आम नागरिक को रोजाना की समस्याओं से राहत प्रदान कराना तथा लंबित पत्रावलियों का अभियान अवधि में निस्तारण कर राहत देना, सरकार की विभिन्न राजकीय योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर उन्हें स्वीकृति प्रदान कराना आदि है।

नगर पालिका ईओ मुकेश शर्मा ने बताया कि किशनगढ़ बास में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले शहर चलो अभियान के तहत 8 से 12 सितंबर तक नगर पालिका परिसर में प्री शिविर लगाएं जाएंगे। जिसमें दैनिक कार्यों एवं विभागीय योजनाओं संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

देवनारायण गुरुकुल आवासीय विद्यालय की समीक्षा बैठक हुई

सचिव आशीष मोदी ने अम्बेडकर भवन में बैठक ली।

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने कहा कि देवनारायण गुरुकुल योजना का उद्देश्य अति पिछड़ा वर्ग के गरीब बच्चों को गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार्य नहीं होगी।

निदेशक ने अंबेडकर भवन में आयोजित बैठक में देवनारायण गुरुकुल योजना के अंतर्गत प्रदेश की चयनित निजी आवासीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों और प्रतिनिधियों से योजना से जुड़ी समस्या या सुझावों के लिए खुले संवाद (ओपन डिस्कशन) के दौरान यह बात कही। उन्होंने आवासीय विद्यालयों के संचालन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के निस्तारण और सुझावों को अमल में लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। देवनारायण गुरुकुल योजना के तहत आवासीय विद्यालयों का सुचारु संचालन योजना के सफल होने का आधार है।

गौ सेवार्थ सुन्दरकाण्ड समिति का पंचम वार्षिकोत्सव मनाया

- भव्य सुंदरकांड पाठ व भक्ति संध्या का हुआ आयोजन

कोटपूतली। गौ सेवार्थ सुन्दरकाण्ड समिति का पंचम वार्षिकोत्सव बुधवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर भव्य सुंदरकांड पाठ व भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भगवान श्रीराम का भव्य दरबार लगाया गया। बिहारी जी मंदिर महंत विनोद जोशी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करवा कर अध्यक्ष रजत जिंदल द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समिति संयोजक जितेन्द्र जोशी व अन्य सदस्यों द्वारा सुंदरकांड पाठ का वाचन किया गया। विष्वनाथ सोनी द्वारा बाबा आ जाओ बालाजी आ जाओ, अभिषेक चतुर्वेदी द्वारा छम - छम नाचे देखो वीर हनुमाना, नरेश शर्मा द्वारा सियाराम जानकी बैठे है मेरे सीने में, जितेन्द्र जोशी द्वारा वृंदावन में हुकुम चले बरसाने वारी का मेरा श्याम दिवाना है उस राधे रानी का सुनाकर पूरे पांडाल को नाचने पर मजबूर कर दिया। समिति की ओर से महामंत्री मनोज अग्रवाल द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा गया और अग्रसेन भवन में विशेष साज सजा की गई एवं आरती करके प्रांगण में भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तां ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

अध्यक्ष रजत जिंदल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस दौरान समिति संरक्षक सीताराम अग्रवाल, रमेश सवाईका, अध्यक्ष रजत जिन्दल, संयोजक जितेन्द्र जोशी, सह संयोजक विनोद जोशी, उपाध्यक्ष विष्वनाथ सोनी, गिरीश गुप्ता, मनोज अग्रवाल, प्रदीप जिंदल, करण सवाईका, अभिषेक चतुर्वेदी, रजनीश गोयल, कमल शर्मा, नितिन जोशी, भाजपा नेता मुकेश गोयल, जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण सैनी, कमल सैनी, विकाश डोई, ब्राह्मण समाज नगर अध्यक्ष बजरंग शर्मा, तहसील अध्यक्ष नवरत्न शर्मा, सैनी समाज अध्यक्ष रामसिंह सैनी,डॉ. अष्वनी गोयल, लॉयंस क्लब के कमल गुप्ता, प्रवीण बंसल, महेश मीणा, रघुवीर गोयल, रामचंद्र सैनी, रघुवीर सैनी, रूपसिंह शेखावत, अभिषेक बंसल, सोनू अग्रवाल, सुरेंद्र बालास्या, अशोक जिंदल, राहुल गुप्ता, सज्जन यादव, विनोद बर्तन वाला, दयाराम कुमावत, नवीन शर्मा, दीपक मित्तल ,रेणु जिन्दल, पुष्पा सैन,सोनिया जोशी, पूजा जोशी, अनीता शर्मा, नीले के सारथी, राघव मंडल, श्री श्याम शक्ति मंडल रजिस्टर्ड समेत गणमान्य नागरिक व सैकड़ों महिलायें मौजूद रही।

जिला कलक्टर ने किया शहर व सागर जलाशय का निरीक्षण

- चेतावनी बोर्ड लगाने,सुरक्षा गार्डो को मुस्तैद रखने व वर्षा जल निकासी के पुख्ता प्रबंध के संबंध में दिए दिशा -निर्देश

अलवर। जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की टीम के साथ अलवर शहर व सागर जलाशय का निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने सागर जलाशय का निरीक्षण कर यूआईटी व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जलाशय पर लगाए गए सुरक्षा गार्ड तीन पारियों में मुश्तैदी से तैनात रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि जलाशय पर अतिरिक्त चेतावनी बोर्ड लगाए जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि जलाशय की जल निकासी की व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित करें कि पानी शहर में नहीं प्रवेश नहीं करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सुनिश्चित करें कि आमजन जलाशय के पास ना जावे, सेल्फी आदि न लेवे तथा लोगों से समझाइश करें कि जलाशय से दूर रहकर जलाशय को देखें।

इसके उपरान्त जिला कलक्टर ने शहर के विवेकानन्द सर्किल, त्रिपोलिया, होप सर्कस, कम्पनी बाग, बस स्टैण्ड रोड का निरीक्षण कर वर्षा जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा जल निकासी हेतु नालियों व नालों की नियमित रूप से साफ-सफाई करावे। उन्होंने ईटराना पुलिया पर कराई गई पेंटिंग का निरीक्षण कर नगर निगम के कार्य की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिये कि इस प्रकार की पेंटिंग शहर की पुलियाओं पर भी कराई जावे।

जिला कलक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि जिले में हो रही वर्षा के कारण नदी, बांध, तालाब, जलाशय आदि में पानी की तेजी से आवक होने से उफान पर है। अतः आमजन इनके पास नहीं जावे तथा ना ही वहां जाकर सेल्फी आदि लेवे।

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों को वर्षा के दौरान इन स्थानों पर नहीं जाने देवे तथा लोगों से भी इस संबंध में समझाइश करें। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा बाढ राहत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नंबर 0144-2700466 व 8949477947 है। जर्जर, जीर्ण-शीर्ण भवन व अन्य किसी भी सूचना हेतु इन दूरभाष नंबरों पर सम्पर्क कर सूचना देवे।

'केंद्र व राज्य सरकार बहज गांव सभ्यता और डीग जल महल संरक्षण के लिए कटिबद्ध'

- पर्यटन मंत्री शेखावत ने जिला कलक्टर कमर चौधरी से भरतपुर जिले के पर्यटन विकास को लेकर फीडबैक लिया

भरतपुर । केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बुधवार को भरतपुर में एक दिवसीय दौरे पर रहे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सर्किट हाउस में मीडिया कर्मियों, आमजन, सदस्यों से रूबरू भी हुए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारकों, धरोहर, विरासत के संरक्षण और पुरातात्विक स्थलों का रखरखाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में खुदाई के दौरान लगभग 4 हजार 500 साल पुरानी एक प्राचीन सभ्यता के प्रमाण पाए गए हैं, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण इसके संरक्षण के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डीग जिले में जल महलों के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देश पर डीपीआर तैयार की जा रही है, जिससे भरतपुर व डीग जिले को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा पर्यटन मंत्री शेखावत ने जिला कलक्टर कमर चौधरी से भरतपुर जिले के पर्यटन विकास को लेकर फीडबैक भी लिया। उन्होंने बयाना फोर्ट संरक्षण के लिए कार्य योजना बनाकर शीघ्र प्रस्ताव भेजने निर्देश दिए। उन्होंने भरतपुर जिले से एनसीआर क्षेत्र को लेकर जानकारी ली। उन्होंने भरतपुर शहर में बरसात में जल भराव निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम प्लानिंग करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सर्किट हाउस में मीडिया कर्मियों, आमजन, सदस्यों से रूबरू हुए।

इस दौरान जिला कलक्टर कमर चौधरी, पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, पूर्व सांसद रंजीता कोली, शैलेश कौशिक, गिरधारी तिवारी, मनोज भारद्वाज, गिरधारी लाल गुप्ता, सतेंद्र गोयल, भानु प्रताप सिंह राजावत, ओम प्रकाश सिंघल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

महंत स्वामी श्याम भारती की पुण्यतिथि मनाई

राजगढ़। गुरु पूजा के क्षेत्र में चिर परिचित एवं ख्याति नाम अवधूत दत्ता आश्रम के महंत स्वामी श्याम भारती की प्रथम पुण्यतिथि बुधवार को श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाई। सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष शिष्यों अपने गुरु चरणों में शीश झुका कर मनौती मांगी।

राजगढ़ के स्टेशन मार्ग स्थित अवधूत दत्त आश्रम के महंत स्वामी श्याम भारती की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ बुधवार को अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महंत स्वामी अमन भारती महाराज ने गुरु शिष्य परंपरा के महत्व प्रकाश डालते स्वामी श्याम भारती के बताए गए मार्ग पर चलने का सभी से आ ान किया। उन्होंने उपस्थित महिला पुरुषों से कहा जीवन में गुरु एक बार ही बनता है, गुरु की ओर से दी गई गुरु दीक्षा एवं मंत्र मैं जीवन की भलाई छिपी रहती है। उन्होंने गुरु की निंदा करने वाले को पाप का भागी बताया। इस दौरान उपस्थित महिला पुरुष शिष्यों ने गुरु के चरणों में शीश झुकाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सार-समाचार

सांभर के मंदिरों से निकली रेवाड़ी

सांभरझील। यहां जल झूलनी एकादशी के अवसर पर सांभर स्थित अनेक मंदिरों से परंपरागत तरीके से ठाकुर जी की रेवाड़ी निकाली गई। मंदिर की पुजारी और अनेक भक्तों ने इसमें उत्साह के साथ भाग लिया। ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार और झांकी को देखने के लिए सड़कों पर लोग डटे रहे। रेवाड़ी देवानी रोड से होते हुए तीर्थ स्थल के अंतिम छोर पर पहुंची जहां पर सभी आई हुई रेवड़ियों को एक जगह ठाकुर जी को विराजमान किया गया। ठाकुर जी को जलविहार करवाने के पश्चात सभी मंदिर के पुजारियों ने सामूहिक रूप से आरती की तो माहौल पूरी तरह से भक्तिमय नजर आया। कानून व्यवस्था के मद्देनजर थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव पुलिस जाप्ते के साथ अंत तक डटे रहे।

जलझूलनी एकादशी मनाई

टोंक। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर जिलेभर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखा गया, जहां ढोल यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान ठाकुर महाराज की डोलयात्रा में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी, शामिल हुए, जिनका जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इसी क्रम में डिग्गी स्थित भगवान कल्याण महाराज का भव्य जल विहार करवाया गया, जिसके अनुसार प्रतिवर्ष शहर के मंदिरों में विराजित भगवान के डोल (विमान) की शोभायात्रा छप्पन तालाब तक जाती है, जहां जलारती के बाद भगवान को पुनः मंदिरों में विराजित किया जाता है। इस दौरान लगातार हो रही तेज वर्षा के चलते छप्पन तालाब के बजाय, पास से बह रही गलवा नदी में जल विहार करवाया गया तथा खातोली गेट के पास बगीची में स्थित कल्याण महाराज का मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक कर आरती उतारी गई। इस अलौकिक दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे पांडाल भगवान की जय-जयकार" गूंजता रहा।

ठाकुर जी ने किया जल विहार

मानपुरा माचेड़ी। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर बुधवार को क्षेत्र के मंदिरों से पालकियां निकली।पालकियों में ठाकुर जी ने सवार होकर जल विहार किया।मानपुरा माचेड़ी के चोपड़ स्थित लक्ष्मी नरसिंह जी मंदिर,स्वामी मोहल्ला स्थित प्राचीन नरसिंह जी मंदिर,कल्याण जी मंदिर,गोविंद जी मंदिर,गोपाल जी मंदिर,सीताराम जी मंदिर से पालकियां निकली।पालकियां गाजे बाजे व हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की आदि भगवान के जयकारों के साथ टोडी बावड़ी पहुची जहाँ ठाकुर जी ने जल विहार किया।पुजारी नरेंद्र शर्मा,रामगोपाल शर्मा,पुनर्वसु शर्मा,राधेश्याम शर्मा,गोपाल शर्मा ने ठाकुर जी को जल विहार करवाकर महाआरती की।आरती के बाद पालकियां पुनः मन्दिरो में पहुची।

सिरस में निकाली भगवान की डोल यात्रा

सिरस। सिरस कस्बे सहित आसपास के गांवों में बुधवार को जलझूलनी एकादशी पर्व पर मंदिरों से ठाकुर जी की गाजे-बाजे के साथ डोल यात्राएं निकाली गई। कस्बे में श्री केशवराय मंदिर से डोल यात्रा प्रारंभ होकर गढ़ के सामने होती हुई बड़े तालाब पर पहुंची। जहां ठाकुरजी की आरती करके श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इसी प्रकार खलीलाबाद मौजा गांव में भी श्री राधा कृष्ण मंदिर से ठाकुर जी की डोल यात्रा निकाली। इस दौरान बड़े एनीकट पर भगवान की आरती में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यालय नगर निगम जयपुर, हैरिटेज
क्रमांकः एफ0()/उपायुक्त हैरि/नगनि (हैरिटेज)/2025/558 सार्वजनिक सूचना दिनांकः 25.08.2025
श्री हितेश कुमावत पुत्र श्री ब्रजमोहन कुमावत द्वारा आवेदन पेश कर भूखण्ड संख्या सी-3 (उत्तरी भाग) सुभाष कॉलोनी, नाहरी का नाका जयपुर का उपविभाजन चाहा गया है। भूखण्ड का पट्टा श्री लालचन्द पुत्र श्री घासीराम के नाम दिनांक 31.08.74 को 266.66 वर्गगज जारी किया गया था। श्री लालचन्द द्वारा दिनांक 05.07.2022 के जरिये उपहार पत्र आधा भाग क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज श्री हितेश कुमावत पुत्र श्री ब्रजमोहन कुमावत के नाम किया गया था। इस हेतु आवेदक ने अण्डरटेकिंग (शिपथ-पत्र) व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए है इन्हें भूखण्ड का उपविभाजन जारी किया जाना है। इस बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था फर्म/कम्पनी को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज के कार्यालय में अपनी आपत्ति मय कारणों सहित पेश करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार उपविभाजन कर पट्टा जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जायेगी।
तनुजा सोलंकी उपायुक्त (लैण्ड), नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

व्यापार बंद करने की सूचना
मैं, वीरेन्द्र कुमार जैन, ओसवाल पाउडर एण्ड केमिकल इंडस्ट्रीज़ का प्रोपराइटर, यह सूचित करता हूँ कि मैंने दिसम्बर 2024 से ओसवाल पाउडर एण्ड केमिकल इंडस्ट्रीज़ के नाम से संचालित अपने व्यापारिक गतिविधियों को बंद करने का निर्णय लिया है। मैं आगे यह घोषणा करता हूँ कि मेरी कोई बकाया राशि शेष नहीं है।फिर भी, यदि किसी व्यक्ति को मुझसे कोई दावा या बकाया वसूल करना हो, तो कृप्या इस सूचना की तिथी से 7 (सात) दिनों के भीतर मुझसे संपर्क कर उसे स्पष्ट करवा लें। निर्धारित समयावधि के बाद कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह सूचना मैंने पूर्ण सद्भावना के साथ, अपने ज्ञान और विश्वास के अनुसार जारी की है।
स्थान : जयपुर
तिथि : 04/09/2025

नाम परिवर्तन
मैं किशन चंद नागवानी पुत्र भगवान दास नागवानी, निवासी स्वर्ण पथ, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान, मैंने मेरा नाम किशन नागवानी से किशन चंद नागवानी में बदल दिया है। भविष्य में मुझे इस नाम से जाना और पहचाना जाना चाहिए।

मै भंवर लाल पुत्र किशोरी लाल निवासी 23 पिचानी नारेडा मेरे पुत्र आशू कुमार के स्कूल दस्तावेजों में मेरा नाम भंवर सिंह दर्ज है जो गलत है। सही नाम आशू कुमार पुत्र भंवर लाल है जो सही है।

मै हरि सिंह पुत्र श्री छंगाराम जाट निवासी सांगटेडा तहसील-कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड, जो की आर्मी में कार्यरत हूं मेरे आर्मी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम व जन्मतिथि गलती से पिस्ता देवी जन्मतिथि 01.07.1984 दर्ज हो गई। जबकि मेरी पत्नी के समस्त दस्तावेजों में नाम पिस्ता व जन्मतिथि 10.05. 1983 है जो सही है

I, QURESHI FIRDOUS ABDUL MAJID D/o. ABDUL MAJID QURESHI, have changed my name to FIRDOUS for all future purposes

I Pappuram S/o Rekha Ram R/o 01, Likhma Desar, PO Likhmadesar, Dist Bikaner, Rajasthan-331803, have changed my name to Parbhu Ram

I have changed my name Sarvesharest Mathur to Sarvashrestha Mathur for all legal & future purpose. Address 426, Sachivalaya Vihar, RIICO Kanta, Mansarovar, Jaipur- 302020

खोया पाया
आवास संख्या 118/103 का मूल आवंटन क्रमांक नं. 131 दिनांक 24/04/92 पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। भगवान दास, मो.-9660002793

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट न. ए-64, स्कीम नं. 13 सिंह भूमि, सैक्टर-ए, खातीपुरा, झोटवाड़ा, जयपुर क्षेत्रफल 191.66 वर्ग गज को शिल्पाचार्य विश्वकर्मा गृह निर्माण समिति लि., जयपुर द्वारा सुशीला देवी को जरिये आवंटन पत्र दिनांक 04.07.1992 को आवंटित किया गया था। तत्पश्चात् सुशीला देवी ने उक्त प्लॉट का विभाजन करके दक्षिणी पूर्वी हिस्सा (प्लॉट न. ए-64/बी), एरिया 47.66 वर्ग गज संतोष पत्नी जुगल किशोर को जरिये विक्रय-पत्र दिनांक 02.05.2011 को बेचान कर दिया था। तत्पश्चात् सुशीला देवी का स्वर्गवास दिनांक 06.10.2020 को, उनके पति श्री हरिनारायण का स्वर्गवास दिनांक 27.02.2012 को, उनके पुत्रगण श्री भजरंग लाल का स्वर्गवास दिनांक 07.12.2020, साहूलाल का स्वर्गवास दिनांक 22.02.2013, गोविन्द नारायण का स्वर्गवास दिनांक 30.05.2022 को एवं पुत्री प्रेमलता का स्वर्गवास दिनांक 20.01.2016 को हो गया। उपरोक्त वर्णित मृतकगणो के स्वर्गवास पश्चात् इनके वारिस/उत्तराधिकारी क्रमशः स्नेहलता, राम रतन, विमल, प्रमोद, सावित्री, पवन, संजय, सुमित्रा, रवि कान्त, कृष्ण कान्त, शशिकान्त, राजकुमारी, मनमोहन, गोपाल एवं चुनीता ने उक्त प्लॉट के विभाजित उत्तरी-पश्चिमी हिस्सा (प्लॉट न. ए-64/सी), एरिया 48.16 वर्ग गज में निहित अपना-अपना हिस्सा जुगल किशोर पुत्र हरिनारायण को जरिये पंजीकृत हक-त्याग पत्र दिनांक 17.02.2023 को त्याग कर दिया। तत्पश्चात् जुगल किशोर ने अपने उक्त हिस्से को अपनी पत्नी संतोष को जरिये उपहार-पत्र दिनांक 22.02.2023 को उपहार कर दिया। इस प्रकार संतोष प्लॉट न. ए-64/बी, एरिया 47.66 वर्ग एवं प्लॉट न. ए-64/सी, एरिया 48.16 वर्ग गज सम्पूर्ण की मालकिन काबिज हुई। अब सम्पत्ति की मालकिन संतोष ने उक्त सम्पत्ति पर ऋण हेतु JIO Credit Ltd. में आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति के बाबत् एवं उपरोक्त वर्णित मृतकगणों के उत्तराधिकारी की हैसियत से किसी भी व्यक्ति, जनसाधारण, संस्था आदि को कोई भी आपत्ति हो तो उक्त सम्